CMYK

www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in

www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 21 | अंक 04 | मुंबई, 05 फरवरी 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

# महिला एसीपी शालीनी शर्मा रंगदारी मामले में गिरफ्तार

## नाम शालिनी काम रुपये वसुलीनी!


- दत्ता माने

**मुंबई :** 'सद्रक्षणाय खल निग्रणाय' यह ब्रीदवाक्य गर्व से कहने वाली महाराष्ट्र पुलिस पर अपने ही पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी को रंगदारी मामले में गिरफ्तार करने का काला दिन देखना पड़ा है। एक पत्रकार होने के नाते हमें यह प्रश्न बार-बार सता रहा है कि क्या महाराष्ट्र का गृह विभाग महाराष्ट्र पुलिस कर्मी और अधिकारियों को वेतन देता है या नहीं? और यदि देता है तो इतना कम वेतन देता होगा कि पुलिस को अपना घर खर्चा चलाना असंभव हो। या फिर ऐसा भी हो सकता है कि कुछ पुलिस कर्मी एवं अधिकारियों की मौलिक सुखों की लालसा ज्यादा हो और यह भौतिक सुखों की पूर्ति हर माह मिलने वाले वेतन से पूरी ना हो। वैसे तो मुंबई, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, जैसे महानगरों में हमने यह देखा है कि ७० प्रतिशत पुलिस कर्मी/ अधिकारियों के पास उनकी निजी चार पहिया गाड़ी है। हो सकता है किसी और के नाम से खरीदी हो लेकिन यह लोग निजी गाड़ी इस्तेमाल करते हैं। मोटर साईकल और स्कुटर तो आम बात है।

अगर किसी भी पुलिस थाने के ए.सी.पी. कार्यालय या कमिश्नर के कार्यालय के बाहर नजर डालें तो आपको दिखाई देगा कि इन पुलिसकर्मी एवं अधिकारियों की निजी गाड़ियां पार्विंष्ठग में खड़ी हैं। कुछ पुलिस अधिकारियों की गाड़ी चलाने के लिए ड्रायव्हर भी काम पर रखे हैं। यह पुलिस कर्मी एवं अधिकारियों का आवास भी बड़े मकानों में होता है। यह सभी आता कहाँ से है? पाठकों यह सभी आता है काली कमाई से। आज के महंगाई के दौर में पचास हजार वेतन पाने वाला आम आदमी भी महीना खत्म होते होते कंगाल होता है और वेतन के दिन का इंतजार करता है। पुलिस प्रशासन में ऐसे भ्रष्ट कर्मी एवं अधिकारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह चिंता का विषय है। पुरुष पुलिस कर्मी एवं अधिकारी भ्रष्टाचार करते हैं, महिला पुलिस कर्मी एवं अधिकारी भ्रष्टाचार नहीं कर सकती, ऐसा माना जाता था, लेकिन अब महिला भी पुरुषों से कम नहीं हो सकती हैं, ऐसा समझने के लिए श्रीमती शालिनी शर्मा यह नाम काफी है। जी हाँ! शालीनी शर्मा! महिला सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती शालीनी शर्मा। सिर्फ नाम में शालीनी है। काम में वसुलिनी।

इस अशालीन महिला पुलिस अधिकारी ने अभी तक के कार्यकाल में सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचारी मार्ग से संपत्ति इकट्ठा की है। इन महिला एसीपी शालीनी शर्मा के खिलाफ ०३-०२-२०२२ को मुंबई के चेंबुर पुलिस थाने में रंगदारी के आरोप में मामला दर्ज हुआ और शालीनी शर्मा को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता सईदा कुरैशी का महाराष्ट्र क्राईम्स की ओर से आभार।

इसकी विस्तृत जानकारी हमारे पाठकों के लिए। शिकायकर्ता


0011926
FIRST INFORMATION REPORT



श्रीमती सईदा कुरेशी जी का इव्हेंट मैनेजमेंट का व्यवसाय है। इस व्यवसाय में श्रीमती सईदा कुरेशी जी को कई प्रकार के इव्हेंट करने होते हैं। अशालीन महिला सहायक आयुक्त श्रीमती शालीनी शर्मा ने सईदाजी से पिछले साल २४ फरवरी २०२१ को दो लाख पचास हजार रुपयों की मांग की। निलंबित पुलिस निरीक्षक श्री. अनिल जाधव और पुलिस कर्मी राजू सोनटक्के इन महिला पुलिस अधिकारी के आदेश से सईदा कुरेशी को बार बार डरा धमकाकर रुपयों की मांग कर रहे थे। अनिल जाधव को उनकी इन हरकतों की वजह से पुलिस प्रशासन से निलंबित किया गया है, लेकिन उसकी आका शालीनी शर्मा का वरदहस्त होने के कारण अनिल जाधव की हरकतों में सुधार होने की बजाय और भी हिम्मत से वह मसाज पार्लर, जुए के अड्डे, लेडिज बिअर पार और अन्य लोगों से शालिनी शर्मा के नाम से रुपये वसुलने का काम करता रहा। अनिल जाधव को पुलिस की नौकरी जाने से कोई फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि उसकी वसुली नायिका एक महिला सहायक पुलिस आयुक्त हैं। अशालीन महिला पुलिस आयुक्त श्रीमती शालीनी शर्मा, निलंबित पुलिस निरीक्षक अजित जाधव और पुलिसकर्मी राजू सोनटक्के इन तीनों ने श्रीमती सईदा कुरेशी जो चेंबुर - मुंबई की निवासी हैं, उनसे ढ़ाई लाख रुपयों की मांग करते रहे और यह कहकर हड़काते रहे कि यदि हमें ढाई लाख नहीं मिले तो हम तुमको कहीं पर भी इव्हेंट मैनेजमेंट का व्यवसाय नहीं करने देंगे, यदि कहीं पर तुम्हारा व्यवसाय रहा इव्हेंट दिखाई दिया तो तुम्हें झूठे केस में फंसा देंगे। बार-बार की धमकियों से त्रस्त श्रीमती सईदा कुरेशी जी ने मुंबई के अपराध शाखा क्रमांक -६ ने इस मामले की गंभीरता से जाँच की और अपराध के डर से व्यक्ति से जबरन वसुली करने के लिए धारा ३८९, ३८५, ५०६, ३४ के तहत चेंबुर पुलिस थाने में गुरुवार दिनांक ०३-०२-२०२२ को प्राथमिकी दर्ज की।

यह अशालीनी एसीपी महाशया चेंबुर पुलिस थाने में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक का पद भार संभाल चुकी है। सूत्रों का मानना है कि यह महिला पुलिस अधिकारी चेंबुर पुलिस थाने में सब वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पद संभाल रही थी, उस समय इन्होंने कई लोगों से मोटी रकम लेकर झूठे मामले दर्ज कराये थे। चेंबुर उपनगर में कई मसाज पार्लर्स, लेडिज बार, जुए के अड्डे एवं कई काले धंदे कर नेवालों पर इन्होंने अपनी छत्रछाया रखी थी। जो लोग इन्हें रुपये देने से इंकार करते या कम रकम देते उन पर यह महाशया अवकृपा करती थी।

जैसे ही इनका प्रमोशन हुआ वैसे ही इनकी अशालीनता और बढ़ी। किसी भी अत्याचार का अंत होता ही है। सिर्फ जरूरत होती है हिम्मत की। ऐसी हिम्मत की एक महिला ने।

श्रीमती सईदा कुरैशी जी ने। उन्होंने हिम्मत करके इस 'अशालीनी बेशर्म' महिला पुलिस आयुक्त शालीनी शर्मा के खिलाफ शिकायत की। आज कई लोग खुशियां मना रहे हैं और इस खुशी का कारण है श्रीमती सईदा जी कुरैशी। शालीनी शर्मा के अत्याचार को दमण करने वाली सईदा जी कुरैशी को नमन। उम्मीद करते है कि ऐसे बेशर्म, घटिया, भ्रष्टाचारी पुलिस कर्मियों को सख्त से सख्त सजा हो।

# भूमीराज बिल्डर्स ने कानून को कुचला

## सैकड़ों पेड़ों को काट कर शुरू किया अवैध सड़क निर्माण



- दत्ता माने

**नवी मुंबई :** भारतीय संस्कृती में अनेक संत महात्माओं ने लिखकर रखा है कि व्यक्ति के पास जरूरत से ज्यादा संपत्ति नहीं होनी चाहिए। यदि हो जाए तो व्यक्ति अहंकार में मदमस्त होता है और संपत्ति की नशा में व्यक्ति कायदा कानून को भी तुच्छ मानने लगत ाहै। कुछ सरकारी भ्रष्ट अधिकारियों को रिश्वत देकर यह समझने लगता है कि उसे कोई पूछने वाला नहीं है। महाराष्ट्र क्राइम्स के पाठकों के लिए हम ऐसे ही एक व्यक्ति के बारे में जानकारी दे रहे हैं। नवी मुंबई में सीबीडी बेलापुर क्षेत्र एक सुंदर निवासीय तथा व्यापारी क्षेत्र है। सिडको, नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय, कोकण भवन, रिझर्व बँक ऑफ इंडिया के पास, जैसी कई राज्य सरकारी तथा केंद्र सरकारी और कई बड़े कंपनियों की यहां पर आस्थापना है।

सी.बी.डी. रोड में पारसिक हिल पर सेक्टर ३०-३१ है। इस सेक्टर में नवी मुंबई के मेयर का बंगला, हरे रामा हरे कृष्णा मंदिर, विपश्यना केंद्र और कई बंगले इमारते हैं। इसी वजह से इस सेक्टर में सिर्फ अमीर लोग निवास करते हैं। इसी सेक्टर में प्लॉट क्रमांक ३,४,४,अ, पर नवी मुंबई के नामचीन विकासक भूमीराज बिल्डर्स प्रा. लि. ने एक निवासी इमारत का निर्माण किया है। सूत्रों का कहना है कि भूमीराज बिल्डर्स ने इस कार्य में दखलंदाजी ना करने के लिए कुछ अधिकारियों से सांठगांठ की है। वर्ना शीव (सायन) पनवेल महामार्ग से आते जाते नजर में आने वाला यह अवैध निर्माण कार्य सिडको के आला अधिकारी और वन विभाग के अधिकारियों को नजर क्यों नहीं आ रहा है? ऐसी कौन सी पट्टी उनके आँखों पर लग गई है यह अहम प्रश्न है।


भूमीराज बिल्डर्स प्रा. लि. तो संपत्ति के नशे में किसी को भी नहीं मानता होगा, किंतु सिडको के अधिकारी और वन विभाग के अधिकारी क्या कर रहे हैं? उन पर कानूनी कार्रवाई होकर उन्हें पद से निष्कासित किया जाना चाहिए और वहाँ पर जो प्राकृतिक सौंदर्य भूमीराज बिल्डर्स की ओर से नष्ट किया गया है उसे फिर से जैसे था वैसा बनाया जाना चाहिए, यही हमारी अपेक्षा है।



CMYK

महाराष्ट्र क्राईम्स
मुंबई, 05 फरवरी 2022





## संपादकीय

# साइबर ठगी से बचाव

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में एक पूर्व न्यायाधीश पूनम श्रीवास्तव के बैंक खाते से झारखंड के साइबर अपराधियों द्वारा पांच लाख रुपये की ठगी के सभी आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि साइबर ठगी के मामले में पैसे की सुरक्षा की जिम्मेदारी बैंक की होनी चाहिए। अदालत ने माना कि बैंक में पैसा जमा करने वाले देश के प्रति ज्यादा ईमानदार हैं। हर हाल में उनका पैसा सुरक्षित रहना चाहिए। इससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। कालाबाजारी करने वाले लोग पैसा तहखाने में रखते हैं, जो देश के विकास में काम नहीं आता। कोर्ट ने कहा कि बैंक यह कहकर नहीं बच सकती कि वह इसके जिम्मेदार नहीं है। इसके साथ ही पुलिस भी यह कहकर नहीं बच सकती कि साइबर अपराधी उनकी पहुंच से दूर नक्सली क्षेत्रों में रहते हैं। एक बात तो तय है कि इस एक उदाहरण के अलावा भी ऐसे उदाहरण आपको मिल सकते हैं जिनमें साइबर ठगी पर सरकार के विभिन्न प्राधिकरणों का रवैया ढिला-ढाला ही रहा है। लिहाजा साइबर ठगी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

व्यापार-उद्योग तथा दैनंदिन जीवन में डिजिटल ट्रांजेक्शन लगातार बढ़ रहा है। लेकिन उस तेजी से साइबर सिक्योरिटी सिस्टम का उपयोग नहीं बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर क्राइम या आनलाइन ठगी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे साइबर क्राइम के कारण साइबर सिक्योरिटी एक नई इंडस्ट्री के रूप में उभर रही है। अब देश भर में साइबर सिक्योरिटी का बाजार डेढ़ लाख करोड़ रुपये वार्षिक पार कर गया है।

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत इस पर नियंत्रण का काम शुरू किया। इधर जैसे-जैसे सख्ती बढ़ती गई, अपराधियों ने भी नए-नए पैंतरे आजमाने शुरू कर दिए। लेकिन इस दिशा में पुलिस अभी तक पूरी तरह से सजग नहीं हो पाई है। साइबर सेल का अलग विभाग बना देने के बाद भी वहां अपने मोबाइल के खो जाने की रिपोर्ट लिखवाने के लिए कई बार चक्कर लगवाया जाता है।

# नंगे हाथों से विशाल किंग कोबरा को पकड़ रहा था शख्स

## अचानक जबड़ा खोलकर उछला कोबरा और फिर...

थाईलैंड के एक दिल दहला देने वाले वीडियो में एक स्वयंसेवक कार्यकर्ता को अपने नंगे हाथों से एक विशाल किंग कोबरा को पकड़ते हुए दिखाया गया है. समाचार वेबसाइट थाइगर के अनुसार, दक्षिणी थाई प्रांत क्राबी में स्थानीय लोगों ने सांप के एक ताड़ के बागान में घुसने और एक सेप्टिक टैंक में छिपने की कोशिश करने के बाद अधिकारियों को सूचित किया. विशालकाय कोबरा को कथित तौर पर 4.5 मीटर (लगभग 14 फीट) मापा और इसका वजन 10 किलोग्राम से अधिक था. एओ नांग सबडिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑर्गनाइजेशन के स्वयंसेवक सुती नवाद को सांप को पकड़ने में लगभग 20 मिनट का समय लगा. 40 वर्षीय नायवाद ने पहले सांप को एक खुली सड़क पर इधर उधर घुमाया और फिर उसे पकड़ने की कोशिश करने लगे.



उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें किंग कोबरा को पकड़ने की सभी कोशिशों को विफल होते दिखाया गया है. एक बार तो, सांप अपना जबड़ा खोलकर आगे की ओर उछला, लेकिन नायवाद उसके रास्ते से हटने में कामयाब रहे.

स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार सांप पकड़ने वाले ने बताया कि किंग कोबरा को पकड़ने के बाद उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया. उन्होंने कहा कि सांप शायद अपने साथी की तलाश में था, क्योंकि हाल ही में स्थानीय लोगों ने एक और कोबरा मारा था. नायवाद ने अन्य लोगों को भी सांप पकड़ने की कोशिश करने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि उनका कौशल वर्षों के प्रशिक्षण के साथ आया है. इसलिए कोई भी इस वीडियो को देखकर किसी सांप को पकड़ने की कोशिश न करे.

किंग कोबरा एक विषैला सांप प्रजाति है, जो दक्षिणी और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाती है. यह दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है, जिसकी औसत लंबाई 10 से 13 फीट है. रिकॉर्ड पर सबसे बड़े किंग कोबरा में से एक (18 फीट और 4 इंच) थाईलैंड में पकड़ा गया था, जहां सांपों की एक बड़ी आबादी है.

# मुंबई से तस्करी कर लाई जा रही बेशकीमती ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार




**मुंबई** : एसटीएफ ने मुंबई से जुड़े ड्रग्स तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एमडी पाउडर नामक नशीला पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। आरोपी अपने भाई के साथ मिलकर यह धंधा कर रहा था। उसे नैनी पुलिस को सौंपकर एसटीएफ आरोपी के भाई की तलाश में जुट गई है। एसटीएफ अफसरों ने बताया कि गोपनीय सूत्रों से पता चला था कि मुंबई का एक तस्कर गिरोह प्रयागराज के रास्ते कोलकाता में नशे की खेप पहुंचा रहा है। इसी सूचना पर एक टीम को तस्करों की तलाश में लगाया गया था। बृहस्पतिवार रात सूचना मिली की मुंबई से ड्रग्स की खेप लेकर पहुंचा एक व्यक्ति नैनी में छिवकी स्टेशन के पास किसी का इंतजार कर रहा है। जिस पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 50 ग्राम पाउडर बरामद हुआ। आरोपी को बरामद सामान के साथ नैनी थाने ले जाकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बरामद ड्रग्स एमडी पाउडर है जिसकी कीमत करोड़ों में है। उसने यह भी बताया कि वह मूल रूप से महोबा का रहने वाला अनीस अहमद है। उसका सगा भाई तौहीद मुंबई में रहकर ड्रग्स की तस्करी करता है। वह उसके माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई प्रयागराज समेत अन्य जिलों में करता है। बरामद खेप के संबंध में उसने बताया कि वह इसकी सप्लाई देने के लिए कोलकाता जा रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के भाई तौहीद के खिलाफ लखनऊ कमिश्नरेट में ड्रग्स तस्करी के कई मुकदमे दर्ज हैं। अनीश को नैनी पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# सुप्रिया सुले और पंकजा मुंडे शराब पीती हैं...!

## टिप्पणी के बाद धार्मिक गुरु बंडा तात्या कराडकर पर केस दर्ज





**महाराष्ट्रः** 'सुप्रिया सुले और पंकजा मुंडे शराब पीती हैं'...यह टिप्पणी कर धार्मिक गुरु बंडा तात्या कराडकर घिर गये हैं। इस मामले में अब धार्मिक गुरु पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि धार्मिक गुरु पर एनसीपी नेता सुप्रिया सुले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)नेता पंकजा मुंडे पर टिप्पणी करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ही महिला राजनीतिज्ञों पर यह टिप्पणी महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक प्रदर्शन के दौरान उन्होंने किया है। दरअसल हाल ही में राज्य सरकार ने सुपरमार्केट और ग्रॉसरी की दुकानों पर शराब की बिक्री की इजाजत दी थी। उद्धव सरकार के इसी फैसले के खिलाफ बंडा तात्या कराडकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सतारा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस प्रदर्शन के दौरान धार्मिक गुरु ने सुले और मुंडे के खिलाफ कमेंट किया।

### क्या कहा बंडा तात्या कराडकर ने?

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बंडातात्या ने पत्रकारों से कहा कि आप लोगों को नहीं पता है क्या सुप्रिया शराब पीती हैं? हमारे सामने आप लोग क्या नाटक कर रहे हैं? बंडा तात्या ने पंकजा मुंडे के लिए भी यही बात कही। इसके बाद उन्होंने कहा, 'मैं अपने दावे पर कायम हूं। मैं अपने दावे को सिद्ध कर सकता हूं। बंडातात्या ने कहा कि सुप्रिया को मेरी चुनौती है। वह मुझे गलत साबित करके दिखाएं। सुप्रिया सीधे कहें कि बंडातात्या झूठ बोल रहे हैं फिर मामला ही खत्म हो जाएगा।'

### धारा 509 के तहत केस दर्ज

इस मामले में पुलिस ने शुरू में कराडकर और अन्य लोगों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कोविड-19 से जुड़े प्रोटोकॉल के उल्लंघन का केस दर्ज किया। हालांकि, इसके बाद दो महिला राजनीतिज्ञों पर टिप्पणी को लेकर धार्मिक गुरु के खिलाफ धारा 509 (किसी स्त्री की लज्जा का अनादर करने के आशय से कोई शब्द कहना) के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि हमने हमने कराडकर पर शुरू में धारा 144 के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद शुक्रवार को कुछ महिलाओं की शिकायत के बाद उनपर दूसरा केस भी दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि धर्मगुरु पर लगाई गई धाराएं जमानतीय हैं। इसके बावजूद जरूरत पड़ने पर उन्हें बयान दर्ज करने के लिए बुलाया जाएगा। इधर राकांपा और शिवसेना के नेताओं ने बंडा तात्या के बयान की निंदा की है।

### मुंबई ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी कामयाबी,

# मोस्ट वांटेड आतंकी को धर दबोचा



**नई दिल्लीः** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है. भारतीय एजेंसियों ने साल 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में शामिल भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों में से एक अबु बक्र को पकड़ लिया है. आपको बता दें कि इस ब्लास्ट में मुंबई में कई जगहों पर कुल 12 बम धमाके हुए थे. जिस वजह से 257 लोगों की मौत हो गई थी और 713 लोग घायल हुए थे. जानकारी के मुताबिक अब पकड़े गए आतंकी अबु बक्र को वअए से इंडिया लाया जाएगा. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार पकड़े गए आतंकवादी का नाम अबु बक्र है जो POK में हथियारों और विस्फोटकों के प्रशिक्षण के अलावा लगातार होने वाले ब्लास्ट में इस्तेमाल किए जाने वाले फ्ळ की लैंडिंग में शामिल था. जोकि संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और पाकिस्तान में रह रहा था. उसे हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय एजेंसियों के इनपुट पर पकड़ा गया था.



# ठाणे के दंपत्ति 12 करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी चोरी के लिए गिरफ्तार किए गए



**ठाणे** : केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अधिकारियों ने ठाणे में 12.23 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जो शहर की एक फर्म में भागीदार हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी, उन्होंने कहा कि दंपति झ एक 50 वर्षीय व्यक्ति और उसकी 48 वर्षीय पत्नी को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गिरफ्तारी मुंबई क्षेत्र के तहत सीजीएसटी ठाणे आयुक्तालय की चोरी-रोधी शाखा थी विस्तृत विश्लेषण के आधार पर, ठाणे स्थित फर्म डटलिंक कंसल्टेंसी को एक संदिग्ध इकाई के रूप में पहचाना गया और इसके खिलाफ एक जांच शुरू की गई।

जांच से पता चला कि फर्म विभिन्न हाई-प्रोफाइल कंपनियों को जनशक्ति प्रदान कर रही थी। इसने ग्राहकों से जीएसटी एकत्र किया था, लेकिन नहीं सीजीएसटी अधिनियम 2017 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, इसे एक वर्ष से अधिक समय तक सरकारी खजाने में जमा किया, ह्वराजन चौधरी, आयुक्त सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क ठाणे ने एक विज्ञप्ति में कहा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर दंपति को पांच साल तक की कैद और जुमार्ने का सामना करना पड़ेगा. यह कार्रवाई कर चोरों और धोखेबाजों के खिलाफ सीजीएसटी, मुंबई क्षेत्र द्वारा शुरू किए गए चोरी-रोधी अभियान का हिस्सा है। इस अभियान के दौरान, सीजीएसटी ठाणे आयुक्तालय ने अब तक 1,023 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है और पिछले पांच महीनों में 17 करोड़ रुपये की वसूली की है और छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

## ठाणे में दवागले एस्टेट इलाके में

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ !

### दो महिलाएं गिरफ्तार



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर के वागले एस्टेट इलाके में एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया .पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ की एक टीम ने गुरुवार को इलाके के एक होटल के पास दो महिलाओं को पकड़ा उन्होंने कहा कि दोनों महिलाएं कथित तौर पर एजेंट के रूप में काम कर रही थीं और अन्य महिलाओं को देह व्यापार के लिए मजबूर कर रही थीं।

अधिकारी ने कहा कि चार महिलाओं को घटनास्थल से बचाया गया और उन्हें आश्रय गृह भेज दिया गया, उन्होंने कहा कि वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में आईपीसी और अनैतिक व्यापार अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक अपराध दर्ज किया गया है, उन्होंने कहा कि आगे की जांच चल रही है।

# पोर्न फिल्म मामले में एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**मुंबई** : पोर्न फिल्म रैकेट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान कर दी न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की पीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ चोपड़ा द्वारा उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के खिलाफ दायर अपील पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ''जारी नोटिस' इस बीच, याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी .चोपड़ा की ओर से पेश अधिवक्ता सुनील फर्नांडीस ने कहा कि मामले के अन्य आरोपियों को पहले ही सुरक्षा दी जा चुकी है। शर्लिन चोपड़ा को अभिनेता पूनम पांडे के साथ प्राथमिकी में एक आरोपी के रूप में रखा गया है। सुश्री पांडे को शीर्ष अदालत ने 18 जनवरी को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की थी। उच्च न्यायालय ने 25 नवंबर, 2021 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# मुंबई में गैंगस्टर सुरेश पुजारी को वसूली के एक और मामले में हिरासत में लिया



**मुंबई** : पुलिस ने 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के एक मामले में गैंगस्टर सुरेश पुजारी को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुंबई के चेंबूर पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के एक मामले में पुजारी वांछित है। उन्होंने कहा कि यह मामला एक शेयर दलाल की शिकायत पर दर्ज कराया गया था और अपराध शाखा ने इस मामले में पूछताछ के लिए पुजारी को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और सुरेश पुजारी उनका सरगना है। आरोपियों के विरुद्ध महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज है। अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार को पुजारी को एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे आठ फरवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

# पटना में पांच मंजिला घर की छत से युवक ने दो लड़कियों को फेंका

**पटना** : में बहादुरपुर थानाक्षेत्र की रामकृष्ण नगर कॉलोनी में पांच मंजिला एक मकान की छत से एक युवक ने बृहस्पतिवार की शाम नौ और 13 साल की दो लड़कियों को छत से फेंक दिया जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपाधीक्षक पटना अमित शरण ने बताया कि आरोपी युवक विवेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया लेकिन उसने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि उसने ऐसा क्यों किया। शरण ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है, उसने अपने को दरभंगा जिले का निवासी बताया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मृतक और जख्मी बच्ची सगी बहनें हैं जो स्थानीय बाजार समिति में काम करने वाले एक व्यक्ति की पुत्री हैं । शरण ने बताया कि बड़ी बहन की मौत हो गयी और उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और जख्मी उसकी छोटी बहन को इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इन लड़कियों के पिता नंदलाल गुप्ता उक्त मकान में किराए पर रह रहे थे और वह मूल रूप से उत्तरप्रदेश के देवरिया जिले के निवासी हैं। इस मकान में एक छात्रावास है लड़की की मौत की वारदात से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दो ऑटोरिक्शा में आग लगाने के साथ सडक को जाम कर दिया । स्थिति को नियंत्रण करने पहुंची पुलिस पर उग्र भीड ने पथराव शुरू कर दिया जिसमें बहादुरपुर थाना अध्यक्ष सनोवर खान सहित एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी चोटिल हो गए ।



## पाकिस्तान से दोस्ती के लिए भारत से रिश्ते नहीं करेंगे खराब

# तालिबान का इमरान खान को संदेश

**काबुल,** अफगानिस्तान की यात्रा पर गए पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोइद यूसुफ को तालिबानी सरकार ने भारत को लेकर दो टूक संदेश दे दिया है। तालिबान ने पाकिस्तान से कहा कि वह भारत समेत इस पूरे इलाके के देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाना चाहता है और एक देश के अनुरोध पर दूसरे देश के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करेगा। इसके साथ ही तालिबान ने उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि पाकिस्तानी अनुरोध पर तालिबान भारत के साथ दोस्ताना रिश्ते नहीं रखेगा।

इससे पहले पाकिस्तानी एनएसए ने अफगानिस्तान यात्रा से ठीक पहले पाकिस्तान में टीटीपी को बढ़ावा देने के लिए भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाए थे। तालिबान सरकार के प्रवक्ता और उप सूचना और संस्कृति मंत्री जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि वे पाकिस्तान और भारत दोनों के ही साथ अच्छे रिश्ते बनाना चाहते हैं। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया जिसमें कहा जा रहा था कि पाकिस्तान के



अनुरोध पर तालिबान भारत के साथ दोस्ताना रिश्ते नहीं बनाएगा।

मुजाहिद ने कहा कि यह समय पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते बेहतर बनाने का है। तालिबानी प्रवक्ता ने दावा किया कि भूतकाल में पाकिस्तान के साथ इसलिए अच्छे रिश्ते नहीं बन पाए क्योंकि दुष्प्रचार के कारण अधिकारी नहीं चाहते थे। उन्होंने पाकिस्तान से अनुरोध किया कि वे क्षेत्र के अन्य देशों के साथ समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ें। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि तालिबान सरकार डूरंड लाइन पर चीजों को सुचारू करने के लिए पाकिस्तान के साथ समन्वय करने को तैयार हो गई है।

डूरंड लाइन पर हाल ही में ही दोनों ही ओर से गोलाबारी हुई थी और काफी तनाव बढ़ गया था। इसी तनाव को कम करने और तालिबान को मनाने के लिए पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अफगानिस्तान गए थे। बता दें कि भारत तालिबान सरकार आने के बाद भी अफगान जनता के लिए लगातार मदद कर रहा है। भारत ने काबुल में बच्चों के अस्पताल के लिए दवाएं भेजी हैं और अब हजारों टन गेहूं भेजने जा रहा है। यह गेहूं पाकिस्तान के रास्ते काबुल जाएगा। भारत ने साल 2022 के लिए बजट में 200 करोड़ का प्रावधान अफगानिस्तान के लिए किया है।




लड़के ने वैलेंटाइन के दिन फौजी की लड़की को प्रपोज किया।

फौजी- कितना कमा लेते हो ?

लड़का- जी 17000 रुपए महीना

फौजी- बस, अबे 15000 रुपए महीना तो मैं अपनी बेटी को पॉकेट मनी दे देता हूं।

लड़का- अंकल जी, उसे जोड़ कर ही तो बता रहा हूं !

❖❖❖

खचाखच भरी बस में एक लड़की सफर कर रही थी

अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा

एक लड़के का हाथ लड़की से छू गया

लड़की-आराम से खड़े हो जाओ

लड़का-सॉरी...

फिर ब्रेक लगा फिर हाथ छू गया

लड़की-ये आप अच्छा नहीं कर रहे हैं

लड़का-मैडम इतनी भरी बस में इससे अच्छा हो ही नहीं सकता

❖❖❖

मॉल में बिस्कुट चोरी करते समय एक खूबसूरत महिला पकड़ी गई... और फिर...

जज-तुमने बिस्कुट का एक पैकेट चुराया, जिसमें 30 बिस्कुट थे,

इसके लिए तुम्हें 30 दिनों की सजा सुनाई जाती है

महिला-जज साहब, सूजी का पैकेट भी चुराई थी।

जज बेहोश...कितनी सजा दें।

❖❖❖

एक लड़की की शादी हो रही थी।

शादी में दुल्हन का एक्स वॉयफ्रेंड भी आया हुआ था।

दुल्हन के पापाः आप कौन हैं?

एक्स वॉयफ्रेंडः जी, मैं सेमीफाइनल में आउट हो गया था, आज फाइनल देखने आया हूं।

जलन की शिकायत लेकर एक खूबसूरत लड़की देहाती डॉक्टर के पास जाकर बोली...

❖❖❖

लड़की- मेरे चेहरे में जलन हो रही है।

डॉक्टर- आपके चेहरे का हमें एक्स रे करना पड़ेगा।

लड़की- एक्स रे में क्या होता है?

डॉक्टर- चेहरे की फोटो खींची जाती है...

लड़की- 5 मिनट रुको, मैं मेकअप कर लूं।

डॉक्टर बेहोश!!!

❖❖❖

## एअर इंडिया की सवारियों को रतन टाटा का वेलकम, दिया 'टाटा का भरोसा'

एअर इंडिया ने रतन टाटा के संदेश वला क्लिप शेयर किया. 18 सेकेंड के इस क्लिप में रतन टाटा की आवाज सुनाई दे रही है. टाटा संस के ऊँॆंल्ल ऐं१३४२ संदेश में यात्रियों का स्वागत कर रहे हैं. वे लोगों को भरोसा देते हुए कह रहे हैं कि एअरइंडिया को मिलकर सबसे पसंदीदा एयरलाइन बनाया जाएगा. क्लिप में रतन टाटा की आवाज में कहा जा रहा है, टाटा ग्रुप एअरइंडिया के नए कस्टमर्स का स्वागत करता है. हम एअरइंडिया को सवारियों के कंफर्ट और सर्विस के लिहाज से पसंदीदा एयरलाइन बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को उत्साहित हैं. पिछले सप्ताह गुरुवार को सरकार ने टाटा समूह को एअरइंडिया हैंडओवर कर दिया. इस तरह एअरइंडिया 69 साल बाद वापस अपने पुराने मालिक के पास लौट आई.



पिछले साल अक्टूबर में हुई नीलामी में टाटा समूह ने 18 हजार करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर एअरइंडिया को अपने नाम किया. हैंडओवर की प्रक्रिया से पहले की औपचारिकताएं निपटाने में कुछ समय लगा.

एअरइंडिया के हैंडओवर के पहले दिन से सर्विसेज में बदलाव होने लगे. टाटा समूह ने बार-बार कहा है कि उसका सबसे पहला ध्यान एअरइंडिया के ऑन टाइम परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने पर होगा. इसके अलावा समूह यात्रियों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर ध्यान देगा. टाटा समूह ने पहले दिन से इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया. पहले दिन चार उड़ानों पर एल्लॅल्लीं टीं' रीश्ॢी पेश करने के साथ इसकी शुरूआत हुई. कंपनी धीरे-धीरे सभी उड़ानों पर यह सर्विस शुरू करने वाली है.

# Indian Passport १३ रखने वालों के लिए खुशखबरी! 59 देशों में बिना Visa कर पाएंगे यात्रा

भारत ने साल 2022 में अपने पासपोर्ट को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे मजबूत पासपोर्ट की लिस्ट में बीते साल भारतीय पासपोर्ट का 90वां स्थान था लेकिन इस साल यह छह स्थान चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गया है क्योंकि अब इसकी पहुंच 59 देशों तक



है, जहां के लिए पूर्व वीजा की आवश्यकता नहीं है। यानी, भारतीय पासपोर्ट धारक अब 59 देशों में बिना पूर्व वीजा के यात्रा कर सकते हैं। बता दें कि पासपोर्ट के मजबूत होने से मतलब है कि वह कितने ज्यादा देशों में पूर्व वीजा के बिना यात्रा की अनुमति देता है। 'हेनली पासपोर्ट इंडेक्स' के अनुसार, भारतीय पासपोर्ट के साथ अब लोग 59 स्थानों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं। यह इंडेक्स इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटी के डेटा पर आधारित है। लिस्ट में भारत का 84वां स्थान है। 2021 की चौथी तिमाही में 58 वीजा-मुक्त पहुंच वाले गंतव्यों की तुलना में ओमान वह नया देश है, जहां भारतीय पासपोर्ट धारक बिना वीजा प्राप्त किए जा सकते हैं।

जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, स्पेन, लक्समबर्ग, इटली, फिनलैंड, फ्रांस, स्वीडन, नेदरलैंड, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल और आयरलैंड को 'हेनली पासपोर्ट इंडेक्स' में सबसे ऊपर जगह मिली है।

जापान और सिंगापुर इस रैंकिंग में टॉप पर हैं। यह यात्रा स्वतंत्रता के रिकॉर्ड-तोड़ स्तरों को दशाते हैं। इन दोनों एशियाई देशों के पासपोर्ट धारक अब दुनिया भर के 192 गंतव्यों में वीजा-मुक्त प्रवेश कर सकते हैं। यह संख्या अफगानिस्तान से 166 अधिक है, जो इस इंडेक्स में सबसे नीचे है।

भारत और विदेशों में पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकरणों द्वारा 2019 में 12.8 मिलियन से अधिक पासपोर्ट जारी किए गए, जिससे चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद विश्व स्तर पर भारत तीसरा सबसे बड़ा पासपोर्ट जारीकर्ता बन गया।

# सऊदी अरब से पाकिस्तान को बड़ा झटका, मिन्नतों के बाद भी एक पैसे के निवेश को तैयार नहीं कम्पनियां


पाकिस्तान की आर्थिक संकट को सुधारने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाने के प्रयासों में विफल रहे प्रधानमंत्री इमरान खान को अब सऊदी अरब से बड़ा झटका लगा है। दरअसल, सऊदी अरब के साथ हुआ 20 अरब डालर का करार अभी भी अमल में नहीं आ पाया है, जिससे इस्लामाबाद को बेहद उम्मीदें थीं। बता दें कि पिछले साल जब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने इस्लामाबाद का दौरा किया था, तो यह समझौता हुआ था। इस्लाम खबर के अनुसार, यहां तक कि इस्लामाबाद द्वारा 10 अरब अमेरिकी डॉलर की सऊदी अरामको तेल रिफाइनरी का काम भी शुरू नहीं हुआ है, जो पाकिस्तान के लिए बहुप्रतीक्षित घोषणा थी। घटते एफडीआई से चिंतित इमरान खान ने अक्टूबर 2021 में सऊदी-पाकिस्तान इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए सऊदी कंपनियों और उद्यमियों से पाकिस्तान में निवेश करने का आग्रह किया था।



हालांकि, कंपनियां अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसे पानी, गैस, बिजली और कनेक्टिविटी की सही तरीके से व्यवस्था न होने और भ्रष्टाचार के कारण पाकिस्तान में निवेश करने से विचलित हो गए। उन्हें विभाग से अनुमति मिलने और बैंकिंग सुविधा की उपलब्धता से जुड़ी चिंताएं भी थीं।

इसके अलावा, पाकिस्तानी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सऊदी कंपनियों ने पाक निवेश नीति में स्थिरता और पारदर्शिता की कमी के बारे में चिंता जाहिर की। इसके साथ ही निवेशकों को लगातार राजनीतिक दखल और सार्वजनिक विरोध के कारण अशांति से भी हतोत्साहित किया गया। कुशल श्रम शक्ति की कमी भी पाकिस्तान के सामने निवेश की बड़ी बाधा है।

नकदी के संकट से जूझ रहा पाकिस्तान चीन से तीन अरब डॉलर का कर्ज जुटाने की कोशिश में है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की अगले हफ्ते होने वाली चीन यात्रा में इस कर्ज पर सहमति बन सकती है। पाकिस्तान की मीडिया में रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, इमरान तीन फरवरी को चीन की राजधानी बीजिंग का दौरा करेंगे। इस दौरान उनका चीन के शीर्ष नेताओं से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।












# जिन्ना टावर को क्यों गिराने की हो रही मांग, कैसे पड़ा था नाम

बहुत से लोगों को आश्चर्य हो सकता है कि भारत के गुंटूर शहर के मशहूर कारोबारी केंद्र में पाकिस्तान के संस्थापक के नाम पर कोई स्मारक है. मोहम्मद अली जिन्ना के नाम पर बना यह टावर गुंटूर शहर के मुख्य आकर्षण केंद्रों में से एक है.

अपने निर्माण के सात दशक बाद भी जिन्ना टावर सेंटर, गुंटूर में धार्मिक सद्भाव का एक प्रतीक बनकर खड़ा है. दिलचस्प बात यह है कि इस इलाके में रहने वाले ज्यादातर गैर मुसलमान हैं.

दूसरी ओर गुंटूर में ही लाल बहादुर शास्त्री के नाम का 'माया बाजार' भी है, जहां मुसलमानों के ही कारोबारी संस्थान मौजूद हैं.

भारत की आजादी की लड़ाई में मोहम्मद अली जिन्ना की भूमिका के बारे में तो सब जानते हैं. पेशे से वकील रहे जिन्ना ने सबसे पहले कांग्रेस के नेतृत्व में इस आंदोलन में भाग लिया था. लेकिन बाद में कांग्रेस से नाराज होकर उन्होंने मुस्लिम लीग की स्थापना की.

जिन्ना लंदन में कुछ वक़्त तक वकालत करने के बाद 1934 में भारत लौट आए थे. उसके बाद उन्होंने मुस्लिम लीग के नेतृत्व में एक अलग देश बनाने की मुहिम चलाई.

एसएम लालजन बाशा 1942 में गुंटूर के विधायक थे. वे कुछ साल पहले एक सड़क दुर्घटना में मारे गए तेलुगू देशम पार्टी के नेता लालजन बाशा के दादा थे. उन्होंने यूनाइटेड मद्रास प्रेसीडेंसी में गुंटूर का दो बार प्रतिनिधित्व किया था.

आज गुंटूर में जो लालपेटा है, उसका नाम लालजन बाशा के नाम पर ही पड़ा है. लालजन बाशा ने आजादी की लड़ाई के दौरान जब 'भारत छोड़ो आंदोलन' चल रहा था, तब गुंटूर में मोहम्मद अली जिन्ना की एक बड़ी रैली करने की कोशिश की थी. उस रैली के मुख्य वक्ता के रूप में जिन्ना को बुलाया गया था.

मोहम्मद अली जिन्ना को न्योता देने गुंटूर के कई प्रतिनिधि बंबई गए थे. उनकी मंजूरी मिलने के बाद गुंटूर में जिन्ना के भव्य स्वागत के इंतजाम किए गए थे.



आज जहां जिन्ना टावर है, उस जगह पर गुंटूर ज़िले के विभिन्न हिस्सों के लोगों के साथ बैठक की तैयारी की गई. हालांकि आखिरी वक़्त में जिन्ना ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते.

जिन्ना के न आने पर उनकी जगह पर जिन्ना के करीबी और भरोसेमंद लियाकत अली खान इस बैठक में शामिल हुए. उपलब्ध रिकॉर्डों के मुताबिक, उस बैठक में कोंडा वेंकटपैया पंतुलु, काशीनाधुनी नागेश्वर राव, उन्नवा लक्ष्मीनारायण और कल्लूरी चंद्रमौली सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों ने भाग लिया.

गुंटूर के मुख्य कारोबारी स्थल जिन्ना टावर सेंटर का नाम बदलने की मांग पहले भी कई बार उठाई जा चुकी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि कई लोग कह रहे हैं कि जो शख़्स भारत के बंटवारे का ज़िम्मेदार हो, उसके नाम पर इस टावर का नाम नहीं होना चाहिए.

गुंटूर में पेशे से लेक्चरर एम सुरेश बाबू कहते हैं, 'गुंटूर नगरपालिका में कई साल पहले इस बारे में फैसला लिया गया था, लेकिन कई लोगों की आपत्ति के कारण उस फैसले को वापस ले लिया गया.'

वे कहते हैं, 'गुंटूर में मुसलमानों की बड़ी आबादी है. हालांकि, यहां हिंदुओं और मुसलमानों की एकता पर कभी कोई आंच नहीं आई. इस शहर में मशहूर मुसलमान शख़्सियतों के नाम पर कई सड़कों और गलियों के नाम रखे गए हैं. ऐसे ही जिन्ना टावर सेंटर भी है. जिन्ना टावर आज भी धार्मिक सद्भाव का प्रतीक बना हुआ है. कारगिल की लड़ाई के दौरान कई लोगों ने इसके नाम पर आपत्ति उठाई थी.''

मुस्लिम जॉइंट एक्शन कमेटी के मोहम्मद कलीम ने बताया कि यह खबर सुनकर पाकिस्तानी भी हैरान हैं कि भारत के गुंटूर शहर में उनके कायदे आजम के सम्मान में कोई टावर है, जबकि भारत में कहीं भी ऐसी चीज नहीं है.वे कहते हैं, ''मुशर्रफ जब भारत के दौरे पर आए थे, तब उन्होंने जिन्ना टावर के बारे में पूछताछ की थी. उस समय सांसद रहे लालजन बाशा ने इस टावर की कई तस्वीरें पाकिस्तान उच्चायोग को भेजी थीं. उन्होंने कहा कि जिन्ना ने बंटवारे के पहले देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी. इसलिए वे अब भी महत्वपूर्ण हैं.''

गुंटूर नगर निगम ने हाल में जिन्ना टावर सेंटर में विकास के कई काम पूरे किए हैं. यहां पानी का फव्वारा, बाग, प्रकाश के इंतजाम किए गए हैं.

शहर के कमिश्नर अनुराधा ने बीबीसी को बताया कि धार्मिक सद्भाव के प्रतीक इस जिन्ना टावर सेंटर को बचाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं.

उन्होंने बताया, 'जिन्ना टवर सेंटर 1945 से नगरपालिका की निगरानी में है. हम इसे एक ऐतिहासिक इमारत मानते हैं. हम छोटी-छोटी कई समस्याओं के बाद भी इस टावर के संरक्षण पर ध्यान दे रहे हैं. यह गुंटूर में एक लैंडमार्क के रूप में मौजूद है.'

लगभग 7 लाख की आबादी वाले गुंटूर में करीब 20 फीसदी मुसलमान हैं. यह केवल मोहम्मद अली जिन्ना के नाम का एक टावर नहीं है, बल्कि यह इस शहर का प्रमुख कारोबारी केंद्र भी बना हुआ है.

## मुंबई में गैंगस्टर सुरेश पुजारी को वसूली के एक और मामले में हिरासत में लिया




**मुंबई** : पुलिस ने 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के एक मामले में गैंगस्टर सुरेश पुजारी को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुंबई के चेंबूर पुलिस थाने में दर्ज जबरन वसूली के एक मामले में पुजारी वांछित है। उन्होंने कहा कि यह मामला एक शेयर दलाल की शिकायत पर दर्ज कराया गया था और अपराध शाखा ने इस मामले में पूछताछ के लिए पुजारी को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और सुरेश पुजारी उनका सरगना है। आरोपियों के विरुद्ध महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज है। अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार को पुजारी को एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे आठ फरवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## पटना में पांच मंजिला घर की छत से युवक ने दो लड़कियों को फेंका

**पटना** : में बहादुरपुर थानाक्षेत्र की रामकृष्ण नगर कॉलोनी में पांच मंजिला एक मकान की छत से एक युवक ने बृहस्पतिवार की शाम नौ और 13 साल की दो लड़कियों को छत से फेंक दिया जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपाधीक्षक पटना अमित शरण ने बताया कि आरोपी युवक विवेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया लेकिन उसने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि उसने ऐसा क्यों किया। शरण ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है, उसने अपने को दरभंगा जिले का निवासी बताया। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मृतक और जख्मी बच्ची सगी बहनें हैं जो स्थानीय बाजार समिति में काम करने वाले एक व्यक्ति की पुत्री हैं । शरण ने बताया कि बड़ी बहन की मौत हो गयी और उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और जख्मी उसकी छोटी बहन को इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है । इन लड़कियों के पिता नंदलाल गुप्ता उक्त मकान में किराए पर रह रहे थे और वह मूल रूप से उत्तरप्रदेश के देवरिया जिले के निवासी हैं। इस मकान में एक छात्रावास है लड़की की मौत की वारदात से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दो ऑटोरिक्शा में आग लगाने के साथ सडक को जाम कर दिया । स्थिति को नियंत्रण करने पहुंची पुलिस पर उग्र भीड ने पथराव शुरू कर दिया जिसमें बहादुरपुर थाना अध्यक्ष सनोवर खान सहित एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी चोटिल हो गए ।





# शहद का अत्यधिक सेवन पहुंचा सकता है आपको नुकसान

शहद से प्राप्त होने वाले फायदे किसी से छिपे नहीं हैं। प्राकृतिक गुणों से भरपूर शहद बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। वैसे तो आप शहद को यूं ही खाएं या फिर गर्म पानी में डालकर, यह हर रूप में लाभकारी ही होता है। लेकिन फिर भी इसका अत्यधिक सेवन व गलत तरीके से सेवन करने पर इसे अमृत से विष बनने में देर नहीं लगती। इतना ही नहीं, इसके कारण आपको बहुत सी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ परेशानियों के बारे में-

**सही तरह से सेवन :** शहद का सेवन करते समय आपको इस बात का ख्याल रखना होता है कि आप शहद का किस प्रकार सेवन करते हैं। उदाहरण के तौर पर लोग वजन कम करने के लिए शहद का सेवन गर्म पानी के साथ करते हैं, लेकिन आवश्यकता से अधिक गर्म पानी का सेवन करने से आपको शरीर में गर्मी या पेट संबंधी परेशानियां होने का खतरा बना रहता है। ठीक इसी तरह शहद को कभी भी गर्म दूध, चाय, कॉफी, मूली, नानवेज आदि के साथ नहीं लेना चाहिए।

**पेट हो जाता है खराब :** स्वस्थ रहने के लिए भले ही आप शहद का सेवन करते हों लेकिन आवश्यकता से अधिक इसका सेवन करने से आपको पेट संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। दरअसल, शहद में फ्रुक्टोज पाया जाता है, जिसे हर व्यक्ति के लिए पचा पाना मुश्किल होता है। जब इसकी अधिकता होती है तो इससे पेट खराब होने, पेट में दर्द, पेट में फूलने और डायरिया होने की संभावना बन जाती है।

**रोगियों के लिए नुकसानदायक :** शहद का सेवन अस्थमा रोगियों के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इससे उन्हें श्वास में कमी, खुजली और जीभ में सूजन जैसी समस्या होती है। इतना ही नहीं, जिन लोगों को एलर्जी की परेशानी होती है, उन्हें भी शहद का सेवन करने पर फेफड़े में सूजन होने की परेशानी हो सकती है। वहीं मधुमेह रोगियों को भी शहद का सेवन डॉक्टर के परामर्श के बाद ही करना चाहिए क्योंकि यह रक्त में शर्करा के स्तर में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त रक्तस्राव से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी शहद बेहद हानिकारक होता है।

**छोटी आंत होती है प्रभावित :** शहद की अधिकता आपकी छोटी आंत को प्रभावित करती है। जब आपकी छोटी आंत प्रभावित होती है तो इससे शरीर को पोषक तत्वों को अवशोषित करने में काफी दिक्कत आती है। अंततः इससे कई तरह की परेशानियां पैदा होती हैं।





# दुबई का 'मिरेकल गार्डन' जैसे रेगिस्तान में नंदन-कानन



**दुबई** की यह मेरी पांचवीं यात्रा है। जब भी यहां आया हूं कोई-न-कोई नयी बात या नयी चीज़ सुनने-देखने को मिली है। पिछली बार जब आया था तो 'बुर्ज खलीफा' चर्चा में था। 160 मंजिलों वाली तथा लगभग 828 मीटर ऊंची इस आकाश-छूती इमारत को देखकर सचमुच आश्चर्य हुआ था। उससे पहले दुबई स्थित उस होटल 'बुर्ज-अल-अरब' को देखा था, जिसके बारे में सुना था कि वह विश्व का सब से बड़ा सात-सितारा होटल है। प्रतिमान पर प्रतिमान स्थापित करना इस शान-शौकत और चमक-दमक वाले दुबई शहर की 'ललक' का एक तरह से पर्याय बन गया है। विश्व का सब से बड़ा मॉल 'दुबई मॉल' भी यहीं पर है।

स्वचालित (बिना ड्राइवर के) मेट्रो भी यहां है। और भी बहुत कुछ है यहां देखने के लिए। इस बार उस पुष्प-उद्यान को देखने का मौका मिला जिसके बारे में अपने देश में सुन रखा था। यह पुष्प उद्यान यानी मिरेकल गार्डन विश्व-प्रसिद्ध है। लगता है जैसे समूचा नंदन-कानन सहरा में उतर कर आया हो। दुबई मिरेकल गार्डन का क्षेत्रफल लगभग सत्तर हज़ार वर्गमीटर है। विश्व का यह ऐसा पहला उपवन है जिसमें 60 रंगों के 4.5 करोड़ फूल हैं। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें फारस की खाड़ी के इलाके में पहली बार लाया गया है। यह संसार का पहला ऐसा बाग़ है जो फूलों से बनी तीन मीटर ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और इसमें एक दस मीटर ऊंचा पुष्प-पिरामिड भी है। फूलों के गुच्छों, झुरमुटों और कियारियों को बड़े ही कलापूर्ण ढंग से तराशा/संवारा गया है। जहां तक भी नजर जाती है महकते फूलों का समुद्र ठाठें मारता दृष्टिगोचर होता है। रेगिस्तान में ऐसा दृश्य विरल ही नहीं, अकल्पनीय भी है। इस दिलकश गुलिस्तान के निर्माताओं का कहना है कि वे संसार को दिखाना चाहते थे कि सहरा को भी कैसे प्रदूषित जल का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग कर उसे हराभरा किया जा सकता है। दुनिया को वे यह भी बताना चाहते थे कि दुबई मात्र ऊंची-ऊंची अट्टालिकाओं (लोहा-सीमेंट-रेत) और मालों/होटलों का ही शहर नही है। अपितु प्रकृति-प्रेमी नगर भी है। एक बात और। दुबई की भावी योजनाओं में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है फाल्कन सिटी ऑफ़ वंडर्स। इस परियोजना के तहत दुनिया भर से वास्तुकला के कई श्रेष्ठ नमूनों की प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी जिनमें पिरामिड, हैंगिंग गार्डन, एफिल टावर, ताज महल, चीन की महान दीवार और पिसा की झूलती मीनार शामिल हैं। परियोजना दुबई के प्रतिमानों की श्रृंखला में एक और नई कहानी लिखेगी, ऐसा इसके प्रबंधकों का मानना है।

**विश्व का यह ऐसा पहला उपवन है जिसमें 60 रंगों के 4.5 करोड़ फूल हैं। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें फारस की खाड़ी के इलाके में पहली बार लाया गया है। यह संसार का पहला ऐसा बाग़ है जो फूलों से बनी तीन मीटर ऊंची दीवार से घिरा हुआ है और इसमें एक दस मीटर ऊंचा पुष्प-पिरामिड भी है। फूलों के गुच्छों, झुरमुटों और कियारियों को बड़े ही कलापूर्ण ढंग से तराशा/संवारा गया है। जहाँ तक भी नजर जाती है महकते फूलों का समुद्र ठाठें मारता दृष्टिगोचर होता है।**

दुबई के प्रशासकों (शेखों) को यह समझ में आने लगा है कि उनके तेल के जखीरे अब ज्यादा दिनों तक चलने वाले नहीं हैं और एक-न-एक दिन उनके ये तेल के कुंए तेल देना बंद कर देंगे। दरअसल, 1930 में उन्हें तेल की अकूत संपदा हाथ लगी थी, उससे पहले यहां के लोग मछली-पालन या समुद्र से मोती निकालने का काम करते थे, लगभग अस्सी वर्षों से सहरा इन्हें तेल से मालामाल कर रहा है। बुर्ज, होटल, चौड़ी सड़कें, चमक-दमक, वैभव, ठाठ-बाठ आदि सब तेल की वजह से है। मगर तेल निकलेगा भी तो कब तक इसलिए विकल्प के तौर पर, समय रहते, यहां के शासक 'पर्यटन' उद्योग को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में भी बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं ये लोग ला रहे हैं। ●●●

# मुंबई में न कॉल हो रही और न चल रहा इंटरनेट, चार महीने पहले भी कई राज्यों में हुई थी दिक्कत

रिलायंस जियो की सर्विस एक बार फिर से मुंबई में ठप पड़ गई है। मुंबई सर्किल कई इलाकों के यूजर्स ना कॉल कर पा रहे हैं और ना ही इंटरनेट इस्तेमाल कर पा रहे हैं। पिछले चार महीने में यह दूसरा मौका है जब मुंबई में जियो की सेवाएं ठप पड़ी हैं।

कई यूजर्स ने जियो फाइबर के साथ भी दिक्कत आने की शिकायत की है। रिपोर्ट के मुताबिक जियो ने मुंबई सर्किल में अपने नेटवर्क को बंद कर दिया है। मध्यप्रदेश के यूजर्स को सबसे ज्यादा परेशानी जियो फाइबर के साथ हो रही है

ग्राहकों की शिकायत पर कंपनी की ओर से कहा गया है कि 5 फरवरी की शाम 7 बजे के बाद सेवाएं शुरू होंगी। कंपनी की ओर से यह आश्वासन यूजर्स को मैसेज के जरिए दिया गया है, हालांकि सार्वजनिक तौर पर जियो ने इस आउटेज को




लेकर कुछ नहीं कहा है। मुंबई में रिलायंस जियो के यूजर्स को इंटरनेट इस्तेमाल के दौरान Not registered on Network के मैसेज मिल रहे हैं।

Jio यूजर्स ने ट्विटर पर अपनी शिकायतें की हैं। यूजर्स का दावा है कि किसी भी नंबर पर कॉल लगाने पर कॉल नहीं लग रहा है।

यूजर्स का कहना है कि जियो से जियो के नंबर पर और जियो से दूसरे नंबर पर दोनों स्थिति में कॉल करने में दिक्कत आ रही है। मुंबई सर्किल में जियो की सर्विस डाउन होने की पुष्टि डाउनडिटेक्टर ने भी की है।

बता दें कि इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी जियो का नेटवर्क डाउन हुआ था जिसके बाद 8 घंटे तक ग्राहक परेशान रहे। उस दौरान भी यूजर्स को इंटरनेट और कॉलिंग दोनों सेवाओं क साथ समस्या हो रही थी। उससे पहले जून 2020 में लंबा आउटेज हुआ था। 22 जून 2020 को करीब 24 घंटे तक लखनऊ, लुधियाना, देहरादून और दिल्ली-एनसीआर में जियो फाइबर की सेवाएं ठप हुई थी।










महाराष्ट्र राज्य रोजगार सेल राष्ट्रवादी काँग्रेस द्वारा काम्पोठे नवी मुंबई में, बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध करवाया.. इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए शशिकांत काकडे.



यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७